Prabhat Khabar, 16.12.2018, Pg. 21

आइआइएम रांची का स्थापना दिवस मना, पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने कहा

देश का जीडीपी बढ़ा है, फिर भी 1930 के बाद हमने शोध में कोई नोबेल नहीं जीता

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने कहा : सरकार संस्थान बनाती है, लेकिन कोई भी संस्थान क्वालिटी या चैंपियन पैदा नहीं करता. संस्थान छात्र में मौजूद क्वालिटी को निखारता है. यहां समय के साथ-साथ स्टूडेंट्स में मौजूद क्वालिटी को परिष्कृत किया जाता है. वे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आइआइएम), रांची के 10वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार को रांची में थे. मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में डॉ प्रणब मुखर्जी ने कहा : देश में सेकेंड और थर्ड जेनरेशन के आइआइएम स्थापित हो चुके हैं. देश का जीडीपी बढ़ा है. फिर भी वर्ष 1930 के बाद हमने कोई नोबेल (रिसर्च में) नहीं जीता. अमर्त्य सेन का नाम लिया जाता है, पर जानने की बात है कि उन्होंने अपने देश के किसी विश्वविद्यालय के लिए रिसर्च नहीं किया. उच्च शिक्षा की स्थिति पर पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा नहीं होने की बड़ी वजह है इंफ्रास्ट्रक्चर का गुणवत्तापूर्ण नहीं होना. उन्होंने कहा कि आज उच्च शिक्षण संस्थानों को रवींद्रनाथ जैसे शिक्षक की आवश्यकता है. उच्च शिक्षा बेहतर हो इसके लिए प्राइमरी स्तर से सुधार की जरूरत है. यदि ऐसा होता है, तो हमारे सामने ढेरों अवसर इंतजार कर रहे हैं.

विद्यार्थियों से कहा : भ्रष्टाचार और दुर्बलता को छोड़ दो

प्रणब मुखर्जी ने विद्यार्थियों से कहा : भ्रष्टाचार और दुर्बलता को छोड़ दो. हमेशा भला सोचो, भला करो और जो कुछ सीखा है उसका अभ्यास भी करो. ध्यान रखो, कोई भी शॉर्टकट रास्ता आपको आपकी मंजिल तक नहीं पहुंचा सकता है. हमें अपना बेहतर देना चाहिए क्योंकि समाज को हमारी जरूरत है. उन्होंने कहा कि आइआइएम रांची ने अपनी तरक्की के एक दशक पूरे किये हैं. निश्चित रूप से यह राज्य के लिए उपलब्धि भी है. यह संस्थान विद्यार्थियों की क्वालिटी को निखारता है.

स्थापना दिवस समारोह में शामिल विद्यार्थी.

सांस्कृतिक कार्यक्रम से मन मोहा

स्थापना दिवस समारोह में विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी. आइआइएम रांची के विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत और नाटक से सबका मन मोह लिया और तारीफ बटोरी. इस अवसर पर संस्थान के निदेशक शैलेंद्र सिंह, चेयरमैन प्रवीण शंकर पांड्या आदि मौजूद थे.

निबंध लेखन में भी मिला पुरस्कार

साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के मौके पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया. इसमें अर्धदीप विश्वास, मो अनिश और जेसिका दाकिला के नाम शामिल हैं.

नयी बिल्डिंग के मॉडल का निरीक्षण

इस दौरान प्रणब मुखर्जी ने कार्यक्रम स्थल (आर्यभट्ट सभागार) के प्रवेश द्वार पर उपलब्ध आइआइएम रांची की नयी बिल्डिंग के मॉडल का निरीक्षण किया.

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने आर्यभट्ट सभागार में विद्यार्थियों को अहम संदेश दिये.

आइआइएम की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी.